भादपद कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 21 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 275, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट 22 से

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• टूर्नामेंट में 14 वर्ग में 28 जिलों के करीब पांच सौ खिलाड़ी शामिल

अमृत विचार: श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी परिसर में 11वां श्रीराम मूर्ति मेमोरियल एवं सेकेंड यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट 22 अगस्त से शुरू होगा। एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित चार दिवसीय टूर्नामेंट जिला टेबल टेनिस संघ बरेली के तत्वाधान और उत्तर प्रदेश टीटी संघ के निर्देशन में आयोजित होगा।

एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने बताया कि बताया कि टूर्नामेंट में 28 जिलों से करीब 500 खिलाड़ियों ने 14 वर्ग (बालक एवं बालिका) में खेलने का प्रविष्टियां भेजी हैं। जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव डॉ. दीपेंद्र कामथान के अनुसार प्रतियोगिता में इस बार मास्टर्स कैटेगरी को भी शामिल किया गया है। इसमें 39 वर्ष से अधिक आयु के वेटरन पुरुष और महिला खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। वेटरन पुरुषों को छह और वेटरन महिलाओं को तीन वर्ग में रखा गया है। इस टूर्नामेंट के मुख्य निर्णायक अंतरराष्ट्रीय ब्लू बैज अंपायर अमित सिंह हैं।